प्रकाशनार्थ

23 जनवरी, 2025 गोरखपुर

सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी सन् 1897 को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बडे नेता थे। विश्वयुध्द के दौरान, अंग्रेजो के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होनें जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था। इन्होनें एक नारा भी दिया था कि ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दुंगा। ''आज इसी उपलक्ष्य में हमारे गुरू श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक में एक रक्त शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ0 अवधेश अग्रवाल ने यह बताया की एक युनिट ब्लड से तीन जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होनें शिविर में जागरूकता के लिए उपस्थित रक्तदाताओं से कहा कि रक्तदान करने से स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है और कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। ऐसे में समय-समय पर रक्तदान अवश्य करतेें रहना चाहिए।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ0 ममता जायसवाल ने रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें हर तीन माह बाद रक्तदान करने की अपिल की।

इस अवसर पर कुल 22 लोगों ने रक्तदान किया जैसे-शैलेंद्र, ईश्वरचंद्र चौधरी, अजय कुमार गौतम, अखतर अली, आशिष प्रदिप यादव तथा अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में रक्तकोष टेक्नीशियन अमित मिश्रा, चन्द्रेश्वर यादव, गार्गी गौतम का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्सक गण भारी संख्या में रकतदान तथा नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रक्तदाताओं के रक्तदान के उपरांत सम्मान पत्र, रिंग, मग आदि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सालय के निदेशक कर्नल डॉ0 हिमांशु दिक्षित ने उपस्थित समस्त रक्तदाताओं तथा नगर के गणमान्य व्यक्तियों, चिकित्सक गण का हृदय से आभार व्यक्त किए तथा धन्यवाद ज्ञापित किए।